## अनिल नीमला बने युवा प्रकोष्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष



**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन 1डी के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष इन्दु शेखर शर्मा की अनुशंषा एवं जोनल अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय के अनुमोदन पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर अनिल नीमला निवासी दौसा को नियुक्त किया गया है। अनिल नीमला ने अपनी इस नियुक्ति के बाद कहा कि वे युवा सदस्यों को संगठित करने,उनके कौशल को विकसित करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व में युवाओं को प्रेरित करने और संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। नीमला की इस नियुक्ति पर ब्राह्मण समाज ने खुशी का इजहार किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवनीत पाठक, शिक्षक प्रियव्रत शर्मा, परमानंद शर्मा, डॉ श्रृद्धा आय, हरगोविंद शर्मा, आशुतोष मिश्रा, वरुण मिश्रा, यदुनाथ शर्मा ने माला पहनाकर अनिल नीमला को बधाइयां दी। तथा खुशी का इजहार किया।

## बीजी क्लब ने ब्लू स्टार क्लब को परास्त कर फाईनल में किया प्रवेश



**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** शहर के स्व राजेश पायलट राजकीय महाविधालय में जिला बास्केट बाल संघ दौसा के बैनर तले चल रही जिला स्तरीय सीनियर बास्केट बाल चैम्पियनशिप के तहत सोमवार को खेले लीग मैच में बीजी क्लब ने ब्लू स्टार क्लब को कड़े मुकाबले में 56-53 अंको से परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया। संघ के सचिव शशिकांत चतुर्वेदी ने बताया कि मैच में विजेता टीम की ओर से जसवीर ने 26,पराजित टीम की ओर से तरूण यादव ने 19,राजकुमार कसाना ने 13,मंथन सांखला ने 10 अंक बनाएं। संघ के सचिव शशिकांत चतुर्वेदी ने बताया कि वहीं एक अन्य मैच में डायमंड़ क्लब ने सीपीसी क्लब को 66-60 अंको से परास्त किया। विजेता टीम की ओर से हिमेश छाबडी ने 22,सचिन पोसवाल ने 17,गौरव खटाणा ने 12 अंक बनाऐं। पराजित टीम की ओर से पीयूष देवडवाल ने 21, चिराग सेठी ने 19,नितेश कुमार ने 11 अंक अर्जित किए। इससे पहले रविवार को सांयकाल खेल गए लीग मैच में बीजी क्लब ने डायमंड़ क्लब को एक तरफ मुकाबले में 64-34अंको से पराजित किया। विजेता टीम की ओर से लोकेश सैनी ने 18 अंक तथा पराजित टीम की ओर से पारस मीना ने 13,गौरव खटाणा ने 7,सचिन पोसवाल ने 5 अंक बनाए। उन्होने बताया कि बास्केट बाल चैम्पियनशिप के पुरूष वर्ग का फाईनल 29 अक्टूबर को दोपहर साढे तीन बजे बीजी क्लब बनाम सीपीसी क्लब के मध्य खेला जाएगा।

## दीपावली की साफ-सफाई का अधिशासी अधिकारी ने किया निरीक्षण

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगरपालिका प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। सभी सफाई कर्मचारियों एवं जमादारों के साथ साथ सफाई ठेकेदारों को एरिया के अनुसार साफ-सफाई एवं कचरा उठाने का दायित्व दिया गया है। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी डॉ बी एल मीणा ने स्वास्थ्य निरीक्षक जयप्रकाश लिग्री ने जमादारों के साथ नगरपालिका क्षेत्र की दीपोत्सव से पूर्व की साफ-सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी बी एल मीणा ने दुकानदारों को अपने सामान का सड़क पर प्रदर्शन करने के लिए मना किया। इससे आमलोगों को आवागमन एवं खरीददारी करने में परेशानी होती है। सभी प्रतिष्ठानों एवं दुकानों पर कचरा पात्र रखने एवं कचरा पात्र का नियमित उपयोग करने के लिए आग्रह किया।मीणा ने बताया की दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सफाई एवं कचरा निस्तारण का कार्य रात और दिन चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने चाकसू की जनता से कस्बे की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

## संतानों को संपत्ति नहीं संस्कार दें : संत दिग्विजय राम

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** संतानों को संपत्ति देने से विल बनेगी और संस्कार देने से गुडविल। संतानों को संपत्ति नहीं संस्कार देकर जाएं। ये विचार राम स्नेही संत दिग्विजय राम महाराज ने खामका बालाजी मंदिर प्रांगण में श्री बड़ा पालीवाल समाज विकास संस्थान द्वारा आयोजित वरिष्ठ जन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किये। उन्होंने भगवत भक्ति, वर्तमान में शिक्षा की दिशा, जीवन में धर्म के महत्व एवं 18 पुराणों का सार एक श्लोक में बताया। सभी सुखों के बारे में बताते हुए कहा कि चिकित्सक तन को स्वस्थ रखते हैं किन्तु मंदिर व संत मन को स्वस्थ रखते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. श्यामसुंदर पुरोहित, डॉ. रमेश पुरोहित, डॉ. अंतरिक्ष जोशी, डॉ हरिहरानंद शर्मा, हगामी लाल पुरोहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भेरुलाल पुरोहित ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने 65 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र पुरस्कार दिए एवं 20 वरिष्ठजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर शोभा लाल पालीवाल, प्रदीप पुरोहित, प्रेम नारायण पालीवाल, आजाद पालीवाल, संदीप पुरोहित, पीयूष पुरोहित, हिमांशु पुरोहित, रामचंद्र पुरोहित, दुर्गाशंकर जोशी, चंद्रशेखर पुरोहित, शंकरलाल पालीवाल, प्रकाशचंद्र पुरोहित, नरेश पालीवाल, ऋतुराज पालीवाल, प्रेमप्रकाश पुरोहित, रमेशचंद्र पुरोहित, बंसीलाल पालीवाल, उमेश पालीवाल, प्रियंका पालीवाल, डॉ रूचि पुरोहित सहित युवा साथी, महिलाएं, बच्चे एवं समाजजन उपस्थित थे।

# दीपोत्सव पर मिठाइयों की जांच के दिए निर्देश

## जिलास्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** जिला कलक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय, सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाकर जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दीपावली के त्यौंहार के मध्य नजर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले दुकानदारों, दुकानों एवं संस्थानों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिलावटी मावा,मिठाई, खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच करने के साथ ही छापामार की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग छोटे प्रतिष्ठानों के साथ-साथ मावे और मिठाई के बड़े प्रतिष्ठानों पर भी प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने नगरीय निकायों से संबंधित लंबित चल रहे संपर्क पोर्टल के मामलों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर निस्तारण करने, जिला अस्पताल के सामने से रेहडी और ठेले वालों को हटाने, लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने, कंटेंप्ट आफ कोर्ट के मामलों में रिप्लाई फाइल करने, सेफ्टी टैंक से संबंधित कार्य संपादित करते समय मजदूरों के लिए आवश्यक सभी सुरक्षा उपकरण सुनिश्चित करने एवं डीएलबी के दिशा—निर्देशों की पालना करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला आबकारी अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर शर्मा ने नगर परिषद को दीपावली के त्यौहार पर शहर में साफ—सफाई, नालियों की साफ—सफाई, शहर में सभी दुकानों के बाहर बडे कचरा पात्र रखने के निर्देश दिए ताकि शहर में अनावश्यक कचरा इधर—उधर नहीं फैले एवं शहर में बेसहारा पशुओं की धरपकड़ करवाने, शहर में फोगिंग चिकित्सा विभाग के समन्वय से करने तथा आमजन में जागरूकता करते हुए सभी अपने घर के बाहर नालियों में गंदा पानी एकत्रित नहीं होने दें ताकि मच्छर नहीं पनप पाये।

बैठक में आईपीएस शाहीन सी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, जिला परिषद के सीईओ राजपाल यादव, सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह,अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अरूण जोशी, डीओआईटी संयुक्त निदेशक एस.एन.चौहान, सीपीओ अरविंद सामोर, सहायक निदेशक डॉ अनिल शर्मा, जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हरी,एडीपीसी राकेश लाटा, डीटीओ ताराचंद बंजारा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आमजन और पुलिस में सामंजस्य जरूरी : मीणा



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** कुचामन शहर में नवनियुक्त थाना निरीक्षक जगदीश प्रसाद मीणा को थाने की कमान मिलने पर व एसआई शिवसिंह का चम्पालाल पारीक के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत नवांगतुक सीआई जगदीश प्रसाद मीणा ने सभी से पुलिस का सहयोग करने की बात कहते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना व अनहोनी को रोकने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है उन्होंने सभी से पुलिस का सहयोग करने की बात कही। जिस पर ब्राह्मण समाज के युवा नेता राजकुमार गौड़ ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान एडवोकेट ओमप्रकाश पारीक पार्षद सुरेश सिखवाल, सर्वब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष विमल पारीक, अनन्त तिवाड़ी, एडवोकेट मुरलीधर जोशी, कृष्ण व्यास, रक्षेन्द्र औझा, युवराज पारीक, तपस्वी पारीक समेत आदि पदाधिकारी व समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## विधायक आक्या का किया सम्मान

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या द्वारा श्रीचारभुजा कुमावत समाज के जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन छात्रावास निर्माण एवं गत दिनो श्रीचारभुजा कुमावत समाज के सम्पन्न हुए सामुहिक विवाह सम्मेलन में विशेष सहयोग दिये जाने पर सोमवार को विधायक जन सुनवाई केन्द्र पर संस्थान के पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा विधायक का शॉल व उपरना ओढ़ाकर तथा प्रशस्ती पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष बालचन्द गेंदर, रतन लाल गेंदर, रमेश चन्द्र खन्ना, शिवलाल अडानिया, राजकुमार बेरा, भंवर लाल सुरलिया, मनोहर लाडना सहित बड़ी संख्या में संस्थान सदस्य एवं समाजजन उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय महिला परिषद ने कच्ची बस्ती में बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** अखिल भारतीय महिला परिषद के कार्यकर्ताओं ने कच्ची बस्ती में राशन किट, दीपक, कपड़े और मिठाइयां बांटकर दीपावली का पर्व मनाया। परिषद की अध्यक्ष पूजा चौधरी बोली जरूर की चीज वितरित कर ऐसे घरों को रोशन किया जो दीपावली की जगमगाहट से हैं दूर

सीकर। अखिल भारतीय महिला परिषद की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत दीपावली के अवसर पर सोमवार शाम को शहर के बस डिपो के पास स्थिति कच्ची बस्ती, कालबेलिया और गवारिया बस्ती में निर्धन व असहाय परिवार के करीब 75 से घरों के लोग को राशन किट, दीपक, गर्म कपड़े एवं मिठाई वितरण का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय महिला परिषद की जिला अध्यक्ष पूजा चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि दीपावली के अवसर पर कच्ची बस्ती की महिलाओं और बच्चों को राशन किट, दीपक एवं तेल, गर्म कपड़े एवं मिठाई। सचिव डॉ. दीपिका चौधरी ने कहा कि महिला परिषद ने एक पहल करते हुए आमजन को यह संदेश दिया है कि पटाखों से प्रदूषण होता है। इसलिए दीपक जलाकर ही दीपावली का जश्न मनाएं। उन्होंने कहा अमीर और मध्यम वर्गीय लोग तो बाजारों से नए-नए सामानों की खरीदारी कर दीपावली का पर्व मना लेते हैं लेकिन इन निर्धन लोगों के पास इतना पैसा नहीं होता कि वह दीपावली पर अपनी इच्छा अनुसार खरीदारी कर सके। इसलिए अखिल भारतीय महिला परिषद ने पहल करते हुए पहले ऐसे लोगों के साथ दीपावली मनाने का निर्णय किया, उसके बाद ही महिला परिषद की कार्यकर्ता अपने घर पर दीपावली मनाएंगी। इस तरह से अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा कुछ ऐसे घरों को राशन किट सहित अन्य जरूरत का सामान देकर रोशन किया जो दीपावली की जगमगाहट से दूर रहते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष पूजा चौधरी, सचिव डॉ. दीपिका चौधरी, उपाध्यक्ष सोनू सोनी, सारिका कुमावत, शारदा सैनी, संयुक्त सचिव शशि बंसीवाल, मीडिया प्रभारी शिवानी तिवाडी, समाजसेवी ज्योत्सना कुमावत सहित कार्यकारिणी की अनेक महिलाएं मौजूद रही।

## फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** कोलीड़ा में खेल स्टेडियम में चल रहे फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सोमवार को झंडा रोहण व राष्ट्रगान के साथ शिविर प्रारंभ हुआ। कोलीड़ा खेल विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में सुबह के सत्र की शुरुआत योग के साथ हुई। भारत स्वाभिमान सीकर के योग शिक्षक रामस्वरूप शर्मा ने खिलाड़ियों को उदगीथ, भस्त्रिका, कपालभाती, अनुलोम विलोम सहित प्राणायाम व शुक्ष्म क्रियाओं व ध्यान योग का अभ्यास करवाया। इसके बाद शारीरिक शिक्षक दीनदयाल मील ने सीनियर टीम के खिलाड़ियों को वार्मअप व फुटबॉल खेलने में सहायक क्रियाएं करवाई। उन्होंने खिलाड़ियों बताया कि खेल खेलने से पहले वार्मअप करना जरूरी है। जरूरी व्यायाम के बिना खेल खेलने से शरीर खेल की गति के साथ समन्वय नहीं कर पाता है, जिससे खेलते वक्त चोट लगने की आशंका रहती है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MD ILIYAS MUGAL पुत्र : हाजी लाल मोहम्मद C/377 विद्याधर नगर जयपुर, मेरे सभी कागजात MD ILIYAS MUGAL के नाम से है लेकिन पासपोर्ट में मेरा नाम भूलवश MOHAMMAD ILIYAS MUGAL के नाम से दर्ज हो गया है, अत: पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMMAD ILIYAS MUGAL से MD ILIYAS MUGAL किया जाए और भविष्य में मुझे MD ILIYAS MUGAL के नाम से जाना जाये।

## शिक्षक संघ ने सरकार को लिखा पत्र

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने सरकार एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर विभाग में तत्काल प्रभाव से समानीकरण करने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर यह जानकारी दी है कि संस्कृत शिक्षा विभाग में 2017 के बाद पदों का समानीकरण नहीं हुआ है। जिसके चलते अनेक विद्यालयों में बहुत से शिक्षक अधिशेष हैं। जिनका किसी भी प्रकार से विद्यालय और विभाग हित में कोई सदुपयोग नहीं हो रहा है। लम्बे समय से समानीकरण नहीं होने से जहां नामांकन है वहां पर्याप्त शिक्षक नहीं है। तथा जहां नामांकन नगण्य है वहां शिक्षकों की भरमार है। जिससे एक तरफ कम नामांकन होने के बाद भी शिक्षक लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर नामांकन अधिक होने के बाद भी विद्यालय शिक्षकों की कमी को झेल रहे हैं। ऐसी अव्यवस्था के कारण ही लगातार नामांकन गिर रहा है। समानीकरण होने से कुछ हद तक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी हो सकेगी।

## रोटरी क्लब ने आतिशबाजी और मिठाई के पैकेट बांटे

**मॉर्निंग न्यूज @ बूंदी।** रोटरी क्लब और रोटरेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में शहर की बाणगंगा स्थित भील बस्ती में निवास करने वाले भील परिवार के 251 बच्चों को दीपावली त्यौहार के अवसर पर आतिशबाजी और मिठाई के पैकेट वितरित किए गए। रोटरी अध्यक्ष महेश पाटोदी ने बताया कि क्लब द्वारा सेवा के भाव से भील बस्ती में पहुंचकर यह कार्य किया।

# डॉ. विमला महरिया को राज्य स्तरीय प्रथम बाल साहित्य पुरस्कार मिला



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** रोटेरी क्लब, बीकानेर द्वारा राजस्थानी भाषा और साहित्य से सबंधित प्रतिवर्ष दिए जाने वाले राज्य स्तरीय पुरस्कारों का राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सीकर की साहित्यकार तथा कवियत्री डॉ विमला महरिया को बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष सुनील सारड़ा ने बताया कि नई पीढी तक राजस्थानी की मिठास और संस्कार पहुंचाने के दृष्टिगत इसी वर्ष प्रारम्भ किया गया। राजस्थानी बाल साहित्य का प्रथम पुरस्कार लक्ष्मणगढ़ सीकर की विदुषी कवयित्री और शिक्षिका डॉ. विमला महरिया "मौज" को उनके उम्दा व शिक्षाप्रद राजस्थानी भाषा के बाल कविता संग्रह 'जादूगारी पोथी' को दिया गया है। रोटरी क्लब प्रान्त 3053 के संयोजक अरुण गुप्ता ने बताया कि राजस्थानी लोक साहित्य व संस्कृति को साहित्य के माध्यम से जीवन प्रदान करने वाली महरिया सहित चयनित विद्वान साहित्यकारों को रोटरी क्लब सभागार, बीकानेर में धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओकारसिंह लखावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में समादृत किया गया। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि राजस्थानी भाषा अत्यंत समृद्ध भाषा है। राजस्थानी भाषा, साहित्य, संस्कृति पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. भंवर भादाणी, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, बुलाकी शर्मा, शरद केवलिया, रवि पुरोहित, डॉ.प्रदीप कुमार दीप, डी.पी. पच्चीसिया, सुधा आचार्य, प्रमोद शर्मा, हेम शर्मा, प्रो.सवाई सिंह, डॉ. नंदलाल वर्मा, भंवर सिंह, डॉ. के.एल. बिश्नोई, पवन दान, ओम मोदी, मुकेश कुलरिया, अनिल माहेश्वरी, रीटा आहूजा, अरविंद केवलिया, एम. एल. जांगिड़, गौतम केवलिया, पूर्णिमा मित्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे समारोह का संचालन वरिष्ठ उद्घोषक किशोरसिंह राजपुरोहित द्वारा किया गया।

**NAME CHANGE**

I Army no. 15672828Y, Rank-CHM, Name - Hemant Kumar S/O Maharaj Singh, R/O Raipura jat, Raipura jat, Mathura, Chatta, Uttar Pradesh, Pin- 281122 have changed my father name M.R. Singh to Maharaj Singh. For all future pourpuse vide affidavit date 23 Sep 2024.

Army No. 15743007W, Rank-L/NK, Name Patil Rohit Bapusaheb R/O Bhosale Galli, Belawale khurd Kolhapur, Maharashtra pin 416221 Have changed my mother Name Patil Megha Bapusaheb to Mangal Bapuso Patil, vide affidavit date 22 Aug 2024 before Notary Published.

Army No. 15743007W, Rank-L/NK, Name Patil Rohit Bapusaheb R/O Bhosale Galli, Belawale khurd Kolhapur, Maharashtra pin 416221 Have changed my father Name Patil Bapusaheb Pandurang to Bapuso Pandurang Patil, vide affidavit date 22 Aug 2024 before Notary Published.

I Have Change My Name Rinku To Rinku Jangir VPO-Lasedi,Teh-Rajgarh,Churu, Rajasthan -331023

I Have Changed My Name From Mitul Upman To New Name Mitul Purohit For All Purposes In Future. C/O Dr R N Purohit No 5, Sangram Colony, Mahavir Marg, C - Scheme, Jaipur, Raj

I Have Changed My Name Meenal Talwaria To Meenal Talwariya For All Future Purpose Address F/G-3 Kartarpura 22 Godam Ajmer Road Jaipur Rajasthan 302006

I Have Changed My Name Mahesh Chander Saini To Mahesh Chand Saini For All Future Purpose Address F/G-3 Kartarpura 22 Godam Ajmer Road Jaipur Rajasthan 302006

I Have Changed My Name From Bhawani Shankar Joshi To Bhawani Shankar Sharma. For All Purpose. Add.Plot No 222 Sector 7 Vidhyadhar Nagar Jaipur Raj 302039

I Have Changed My Name From Anjali Sharma To Anjali Mithan Lal Sharma For All Purpose. Add. Flat No A-105 First Floor Vais Village Shyam Nagar Sirsi Jaipur Raj-302019

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

इस कार्यालय के अधीन निविदा संख्या BN - 3010002414 (UBN-VPN2425SO801798), BN- 3010002415 (UBN- VPN2425WSO801799), BN-3027302401 (UBN-VPN2425WSO801800), BN- 3013302401, BN- 3020302401 एवं BN-3026302401 के लिए निविदा विनिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा विनिर्देश मय विस्तृत निविदा, निविदा की लागत, धरोहर राशि एवं निविदा प्राप्ति तथा खुलने की तिथि वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in, www.energy.rajasthan.gov.in पर देखी तथा डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता [illegible]

[illegible]/24/7048 [illegible]/TR-6432/2024